हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 पांच नगर परिषदों में एक भी इंजीनियर नहीं, नपा...



07 आंगनबाड़ी भवन के गुणवत्ताहीन निर्माण पर...



## खबर संक्षेप

### वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत होगी।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर भोपाल में होगा आंदोलन

**नर्मदापुरम।** मप्र स्टेट बार काउंसिल के नेतृत्व में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा संबंधी मांगों को लेकर जल्द ही भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।स्टेट बार अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने आंदोलन के संचालन के लिए समिति गठित की है। सचिव मनोज जराठे ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों के निराकरण की मांग करेगा। अधिवक्ताओं से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित सहभागिता की अपील की गई है।

### जिला अस्पताल में निचले जबड़े से निकाली 7 सेमी बड़ी गांठ

**नर्मदापुरम।** जिला अस्पताल में निचले जबड़े में 7 सेमी बड़ी गांठ का सफल ऑपरेशन हुआ। जिसमें मरीज के निचले जबड़े में लगभग 7 सेंटीमीटर बड़ी गांठ का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. रविंद्र गंगराड़े एवं डॉ. सौम्या रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल की डेंटल टीम डॉ. अखिलेश सिंघल, डॉ. मिलन सोनी एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न किया गया।

## माखननगर के ग्राम में गोवंश तस्करी के शक पर देर रात तक मचा बवाल

# ग्रामीणों ने पिकअप को घेरा, चालक फरार,गाड़ी को किया आग के हवाले

जिले के आरी ढोडई गांव के पास देर रात गौवंश तस्करी के शक में जमकर बवाल हो गया। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को घेर लिया, चालक मौके से फरार हो गया और देखते ही देखते आक्रोशित भीड़ ने वाहन को आग के हवाले कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जिले के ग्राम आरी ढोडई के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 11:30 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गौवंश तस्करी के शक में ग्रामीणों और गौसेवकों ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोक लिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में दो गायें बंधी हुई थीं। जैसे ही ग्रामीणों ने वाहन को घेरा, चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत गायों को वाहन से बाहर निकाला।



### वाहन को ग्रामीणों ने किया आग के हवाले

कुछ लोगों ने आशंका जताई कि गौवंश को कथित रूप से कत्लखाने ले जाया जा रहा था। इसी शक ने माहौल को तेजी से गर्म कर दिया। जैसे-जैसे ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगते जा रही थी भीड़ उग्र हो गई। करीब आधे घंटे तक गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने कथित तौर पर तस्करी में इस्तेमाल की जा रही पिकअप गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जल उठा और कुछ ही देर में पूरी तरह खाक हो गया।

### पुलिस पहुंची मौके पर, जांच शुरू, चालक फरार

घटना की सूचना मिलते ही माखन नगर थाना के थाना प्रभारी अनूप कुमार उइके पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने दोनों गायों को सुरक्षित कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार चालक की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

### अंधेरे में भागती नीयत

रात के अंधेरे में दौड़ती एक पिकअप, उसमें बंधी दो बेबस गायें, और जैसे ही सवालों की रोशनी पड़ी,चालक फरार।

गौवंश तस्करी पर बहसें दिन में बड़ी-बड़ी होती हैं, लेकिन असली खेल अक्सर रात में शुरू होता है। दिलचस्प यह है कि वाहन तो पकड़ा जाता है, गायें मिल जाती हैं, भीड़ जुट जाती है, पर मालिक हर बार अंधेरे का फायदा उठाकर ऐसे गायब हो जाता है जैसे जिम्मेदारी उसका पीछा कर रही हो।

### अज्ञात लोगों ने पिकअप में आग लगाई

रात्रि लगभग 11:30 बजे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 05 जी 6194 में गोवंश भरकर ले जाने की खबर मिली लोगों ने गाड़ी रोककर गोवंश को मुक्त कराया भीड़ थी अज्ञात लोगो ने पिकअप में आग लगा दी। माखननगर के आरी के पास ढोड़ई क्षेत्र से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। देर रात एक बोलेरो पिकअप में गौ वंश को ले जाते हुए देखा गया गौ सेवकों ने समय रहते वाहन को रोककर गौ वंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। काफी दिनों से क्षेत्र में अवैध गतिविधियां बढ़ गई है। कई जुएं के फड़ चल रहे गांव-गांव अवैध शराब बिक रही है अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन, वाहन से गोवंश का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है नागरिको ने पुलिस को अनेकों बार शिकायत की है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है लगता है इसक परिणाम है लोक कानून अपने हाथ में लेने लगे हैं। इस दोरान मौके पर भारी हंगामा हुआ और आक्रोशित लोगों ने वाहन में आग लगा दी, जिससे वह पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रण में किया और जांच शुरू कर दी। आरोपियों की तलाश जारी है। डायल 112 पर सूचना मिली थी और अब आगजनी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है, लेकिन पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में होने की बात कही है। इस संबंध में एसडीओपी संजू चौहान का कहना है कि आगजनी का मामला दर्ज किया है वाहन के मालिक के द्वारा अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है पिकअप के मालिक का पता लगाया जा रहा है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हर घाट पर होमगार्ड के जवान तैनात करें, नर्मदा के घाट होंगे स्वच्छ, कमिश्नर के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में घाटों की बदहाल स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने नगर पालिका और जन अभियान परिषद के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले एवं जन अभियान परिषद के संभागीय अधिकारी कौशलेश तिवारी को शहर के प्रमुख घाटों जिसमें गोदरी घाट, मंगलवार घाट, कोरी घाट, हर्बल घाट, पोस्ट ऑफिस घाट, सर्किट हाउस घाट एवं सेठानी घाट में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाने के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर ने हालिया भ्रमण का उल्लेख करते हुए बताया कि घाटों पर अनावश्यक कचरा, गंदगी, बांस-बल्ली, अधजले कपड़े एवं कांच की बोतलें बिखरी पाई गईं, जो न केवल घाटों की सुंदरता को प्रभावित करती हैं बल्कि श्रद्धालुओं पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जन अभियान परिषद अपनी नर्मदा सेवा समिति के माध्यम से घाटों पर फैली व्यापक गंदगी और कचरे को तत्काल हटाना सुनिश्चित करे। साथ ही नगर पालिका और समिति के सदस्य आगामी दिनों में लगातार अभियान चलाकर घाटों की नियमित साफ-सफाई करें।

### प्रत्येक घाट पर जवान मुस्तैदी से करे काम

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए संभागीय कमांडेंट होमगार्ड को प्रत्येक घाट पर एक-एक होमगार्ड जवान की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जन अभियान परिषद के कौशलेश तिवारी ने जानकारी दी कि जिले में लगभग 120 किलोमीटर क्षेत्र में नर्मदा नदी के तट पर कुल 68 घाट स्थित हैं। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि प्रथम चरण में शहर के प्रमुख घाटों को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जाएगा।

उन्होंने आमजन से अपील की कि हवन सामग्री केवल निर्धारित हवन कुंड में ही डालें और घाटों पर कचरा न फैलाएं। साथ ही नर्मदा सेवा समिति के सदस्यों को प्रतिदिन घाटों का निरीक्षण कर कांच की बोतलें, अधजले कपड़े एवं अन्य कचरे को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा कि सप्ताह में एक दिन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं घाटों पर पहुंचकर श्रमदान करेंगे, ताकि सामूहिक प्रयास से घाटों को स्वच्छ, सुंदर और निर्मल बनाया जा सके। साथ ही कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के शासकीय आवास में रहने वाले रिटायर कर्मचारी एवं स्थानांतरित कर्मचारी से आवास खाली करवाए

# पंचम दिवस:पवित्र मां नर्मदा की परिक्रमा विधिवत पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह ने अपनी पावन मां नर्मदा परिक्रमा यात्रा के पंचम दिवस पर मंगलवार को प्रातःकाल रत्नासागर, भरूच (गुजरात) में सूर्योदय के दिव्य क्षण में मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन किया।

इस दौरान आचार्य पं सोमेश परसाई के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आराधना सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने माँ नर्मदा से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रदेश की उन्नति हेतु आशीर्वाद प्रार्थना की। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल आध्यात्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, लोककल्याण और प्रकृति संरक्षण का संकल्प है। मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश का निरंतर विकास एवं प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहना उनका परम उद्देश्य है।

यात्रा के दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सादर सहभागिता कर मां नर्मदा का आशीर्वाद ग्रहण किया। यह परिक्रमा समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और जनसेवा के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पहल मानी जा रही है।

# मेला स्थल पर लगी दुकानों पर किया स्पॉट फाइन, 51 हजार रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मेला ग्रांउड पर मेले की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अवैध रूप से दुकानें लगाकर बैठे हुए दुकानदारों पर मंगलवार को नगरपालिका की टीम द्वारा गंदगी और कचरा फैलाने पर स्पाट फाइन किया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द अपनी दुकानें मेला स्थल से हटा लें। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने नेतृत्व में नपा की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेला अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी दुकान लगाए हुए दुकानदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। आगामी मेले के आयोजन के दौरान इन्हें दुकानें आवंटित नहीं की जाएगी। 51 हजार रुपए से अधिक का स्पाट फाइन किया गया है और दुकान हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई है। कार्रवाई के दौरान एआरई रवि सूर्यवंशी, मूर्तिसिंह राजपूत, सुनील राठौर, सुनील अवस्थी, राजेश गोस्वामी और अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत शामिल थे।





### खेल प्रेमियों में हर्ष

खेल मैदान पर गंदगी फैलाने पर खेल प्रेमियों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। मंगलवार को नगरपालिका द्वारा की गई कार्रवाई से खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। विदित हो कि गुप्ता ग्राउंड पर लगने वाले मेले में दुकानदारों ने अवधि बढ़ा दी थी जिसके कारण प्रतिदिन ग्राउंड पर पहुंचने वाले खिलाड़ियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# नर्मदापुरम में 28 साल पुराना फर्जीवाड़ा बेनकाब, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सरकारी नौकरी में फर्जीवाड़े का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। तेंदूपत्ता संग्रहण का फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाकर वन विभाग में नौकरी पाने वाले वनरक्षक राजकुमार गौतम के खिलाफ आखिरकार 28 साल बाद धोखाधड़ी का आपराधिक मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया। आरोपी सागर जिले के सिहोरा का निवासी है।

### 1998 में प्राप्त किया अनुभव प्रमाण पत्र

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 1998 में निकली सीधी भर्ती में वर्ष 1988 में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य करने वाले मजदूरों को अनुभव के आधार पर वनरक्षक पद पर नियुक्ति दी जानी थी। आरोप है कि राजकुमार गौतम ने सागर से फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र तैयार करवाया और उसी के आधार पर फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी हासिल कर ली।

### 19 वर्ष तक चलता रहा कोर्ट में केस

मामला उजागर होने के बाद वर्ष 2007 में विभाग ने उसे निलंबित कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह कानूनी लड़ाई करीब 19 साल तक चलती रही। इस दौरान लंबी विभागीय प्रक्रिया के बाद उसे सेवा से बर्खास्त भी कर दिया गया। हाल ही में हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी पाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाए। कोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद सीसीएफ और डीएफओ के आदेश पर वन विभाग के रेंजर ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

अब पुलिस पूरे मामले की आपराधिक जांच में जुट गई है और जल्द ही आगे की कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। कोतवाली थाने उनि जितेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपी राजकुमार गौतम निवासी सिहोरा जिला सागर के खिलाफ 23 फरवरी को वनवृत्त कार्यालय नर्मदापुरम की ओर से वन परिक्षेत्र अधिकारी की शिकायत पर आरोपी द्वारा फर्जी दस्तावेज के आधार पर वनरक्षक की नियुक्ति प्राप्त करने वाले आरोपी पर धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### एसआईआर 2026: शुद्ध मतदाता सूची-सशक्त लोकतंत्र, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं की अपील

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के सभी जिलों में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। विधानसभा 137 नर्मदापुरम इटारसी से बीएलओ सुपरवाइजर महेश कुमार रैकवार की उपस्थिति में मतदान केंद्र पर उपस्थित सभी बीएलओ रवि सिंह, प्रदीप दुबे, घनश्यामसिंह राजपूत,अजय चौरे,रीता तिवारी,शांति बंजारा,नेहा गोहल,फरीदा खान, गीता परसाई, कुसुम चौहान, गीता ठाकुर,दीपा पाराशर, मतदान केंद्र क्रमांक 204 से मतदान केंद्र क्रमांक 214 एवं मतदान केंद्र क्रमांक 217 से 218 तक का मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन लक्ष्मीनारायण जोधराज प्राथमिक स्कूल, प्राथमिक शाला मालवियागंज, सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल मालवीया गंज में किया गया प्रकासन के उक्त कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिको के साथ वार्डवासी भी उपस्थित हुए। सुपरवाइजर महेश कुमार रैकवार जी के द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओ से अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की गई।



### नपा का संकल्प से समाधान अभियान जारी, एसपीएम गेट पर लगाया शिविर



**नर्मदापुरम।** शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उससे लाभांवित करने के उद्देश्य से वार्ड में संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया गया है। शिविर में नागरिक अपनी की समस्याओं का समाधान करा रहे हैं, साथ ही अपने टैक्स भी जमा कर रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आपके द्वार नगरपालिका की टीम पहुंच रही है। मंगलवार को एसपीएम गेट नं.4 पर शिविर लगाया गया। जिसमें नागरिकों ने समस्याएं बताईं और टैक्स भी जमा किया। वहीं ग्वालटोली के काली मंदिर परिसर में शिविर लगाया जाएगा।

## होलाष्टक : मांगलिक कार्यों का विराम, आध्यात्मिक साधना का आरंभ

# शास्त्र, श्रद्धा और सनातन परंपरा का दिव्य संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से प्रारंभ होकर पूर्णिमा तक रहने वाले आठ दिवसों को धर्मशास्त्रों में होलाष्टक कहा गया है। धर्मसिन्धु, निर्णयसिन्धु तथा मुहूर्त चिंतामणि आदि ग्रंथों में इन दिनों को सामान्यतः मांगलिक संस्कारों के लिए अननुकूल बताया गया है। विवाह, उपनयन, गृहप्रवेश, प्रतिष्ठा आदि शुभ कर्म इन दिनों टालने का विधान माना गया है। आचार्य हरिओम मिश्रा ने बताया कि शास्त्रीय मत के अनुसार होलाष्टक का विशेष प्रभाव उन प्रदेशों में माना गया है जहां व्यास ,रावी ,सतलज और त्रिपुष्कर नदी के तटवर्ती क्षेत्र आते हैं। उक्त नदियों के समीपवर्ती प्रदेशों में निवास करने वाले जनों के लिए होलाष्टक का विशेष निषेध वर्णित है। अन्य क्षेत्रों में जैसे

### होलिका दहन का समय

- 2 मार्च रात्रि 12.50 से 2.32 तक। धुरेडी 3 मार्च को प्रतः 9.14 से पहले उसके बाद सूतक एवं 4 मार्च को दिनभर, ग्रहण काल 6.14 रात्रि से 6.39 तक मोक्ष : 7.2 मिनिट

इन आठ दिनों में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, यद्यपि शास्त्रों में सार्वभौमिक निषेध का स्पष्ट विधान नहीं मिलता।

### चंद्रग्रहण एवं धुरेंडी का निर्णय

पूर्णिमा के उपरांत प्रतिपदा को धुरेंडी (रंगोत्सव) मनाया जाता है। इसी दिन चंद्रग्रहण का संयोग हैं, तो धर्मशास्त्र के अनुसार ग्रहणकाल में सूतक प्रभावी हो जाता है। सूतक प्रारंभ होने से पूर्व तक ही मांगलिक क्रियाए मान्य होती हैं। ग्रहण के उपरांत स्नान, दान, जप एवं देवपूजन का विशेष महत्त्व बताया गया है। अतः यदि ग्रहण दिवस में सूतक प्रातः काल से प्रभावी हो, तो उसके पूर्व ही रंगोत्सव करना शास्त्रोक्त माना जाएगा, अन्यथा परंपरा अनुसार अगले दिन उत्सव मनाया जा सकता है।

आचार्य हरिओम मिश्रा ने बताया कि होलाष्टक का निषेध क्षेत्रविशेष एवं परंपरानुसार मान्य है। शास्त्रों में इसका उद्देश्य लोकसंयम एवं ग्रहशांति है, न कि भय उत्पन्न करना। इन आठ दिनों में यदि मांगलिक कार्य स्थगित कर दिए जाएं। इस प्रकार शास्त्र और लोकाचार दोनों का समन्वय कर श्रद्धालुजन धर्मानुकूल आचरण कर सकते हैं।

### भद्रा सहित होलिका दहन का शास्त्रीय विधान

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन का विधान भविष्य पुराण एवं नारद पुराण में वर्णित है। यदि पूर्णिमा तिथि में भद्रा का संयोग हो, तो शास्त्र कहते हैं: भद्रायां मुखभागे त्याज्यं, पुच्छभागे कार्यः। अर्थात भद्रा के मुख भाग में शुभ कार्य वर्जित होते हैं, परंतु भद्रा के पक्ष (पुच्छ) भाग में होलिका दहन किया जा सकता है। अतः भद्रा का साया रहने पर भी उसके अनुकूल भाग में विधिपूर्वक अग्नि प्रज्वलन शास्त्रसम्मत है।

### नवग्रहों का उग्रभाव

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलाष्टक के कालखंड में नवग्रहों में से कुछ ग्रह उग्र या क्रूर भाव में स्थित माने जाते हैं। ग्रहों की इस परिवर्तित स्थिति से शुभ कर्मों के फल में बाधा अथवा विलंब की आशंका रहती है। इसी कारण मुहूर्त शास्त्र में इस अवधि को मांगलिक कार्यों के लिए त्याज्य बताया गया है। जप, तप, दान, हवन, स्तोत्रपाठ, श्रीहरि-स्मरण एवं शिव-आराधना विशेष फलदायी मानी गई है।

# जिलाध्यक्ष नेतृत्व में किसान महाचौपाल में जिले से पहुंचे 4 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ट्रेड डील के विरोध में किसानों की आवाज़ को बुलंद करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक किसान महाचौपाल का आयोजन भोपाल में किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित वरिष्ठ नेताओ केंद्र एवं राज्य की सरकार को जनहित विरोधी बताया। भोपाल के इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने मंगलवार सुबह से ही





इटारसी शहर के जयस्तंभ चौक पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एकत्रित होना शुरू हो गया था। नर्मदापुरम जिले से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में पिपरिया विधानसभा, सुहागपुर विधानसभा, नर्मदापुरम विधानसभा, सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र से ग्रामीण एवं शहर से 4000 से अधिक संख्या में कांग्रेसजनों ने भोपाल पहुंचकर इतिहास रच दिया।कांग्रेसियों ने बढ़ चढ़कर इस जन आंदोलन में भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### 21 मई से महामृत्युंजय यज्ञ का होगा आयोजन



**शाहपुर।** नगर के मनसुखदास बाबा प्रांगण में 21 मई से 29 तक यज्ञ आचार्य पंडित मनोज शुक्ला चांदपुर धाम महाराष्ट्र के सानिध्य में यज्ञ स्थल का भूमिपूजन किया गया। जिसमें प्रातः से ही पूजन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। यज्ञ आचार्य वरिष्ठ पंडित मनोज शुक्ला चांदपुर धाम महाराष्ट्र का भव्य स्वागत खेड़ापति माई मंदिर शाहपुर से फूलमालाओं के साथ किया गया। उसके बाद यज्ञ आचार्य पंडित मनोज शुक्ला ने बाबा मनसुखदास मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। उसके पश्चात यज्ञ स्थल पर जाकर पूजन अर्चन का कार्य विधिवत किया। इस अवसर पर 21 मई से शिव महापुराण की कथा का भी आयोजन होगा। शिव महापुराण के कथा वाचक डॉ. पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी भी उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के शुभावसर पर दूर-दूर ग्रामों के ग्रामीण और नगरवासी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनेगा संत गरीबदास जी का बोध दिवस

**बैतूल।** संत गरीबदास जी महाराज (छुड़ानी वाले) का 300वां बोध दिवस 26 फरवरी से मनाया जाएगा। इस दौरान तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगे, जो 26, 27 और 28 फरवरी तक चलेगे। जिसके लिए आश्रम में जोरदार तैयारियां चल रही है। फोर लाइन से आश्रम तक संगत के आने के लिए बिछायत की जा रही है, पूरे आश्रम को लाइटिंग द्वारा सजाया जा रहा है। संगत के आने के लिए भव्य प्रवेश द्वार बनाएं जा रहे है। आश्रम के चारों तरफ कबीर साहेब जी के स्वरूप व वाणियो के फ्लेक्स लगाए जा रहे है। विशाल वाटरप्रुफ पंडालों की सजावट, पार्किंग व्यवस्था और लाखों श्रद्धालुओं के लिए रुकने के प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं। मंगलवार सुबह से ही शुद्ध देसी घी से निर्मित मोहनभोग, लड्डू, जलेबी और पुडी-सब्जी का प्रसादं तैयार करने के लिए हलवाई सेवादारों ने मोर्चा संभाल लिया है।

### जिले की निकायों में 24 में से इंजीनियरों के 12 पद खाली

# पांच नगर परिषदों में एक भी इंजीनियर नहीं, नपा में ईई का पद दो साल से खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले की नगरीय निकायों में इंजीनियरों की कमी है। बताया जा रहा है कि जिले के निकायों में वैसे 24 इंजीनियरों की आवश्यकता है, लेकिन इसमें से 12 पद खाली है। जिसका असर विकास कार्यों की रफ्तार पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई नगर पालिका और नगर परिषदों में इंजीनियरों के स्वीकृत पद वर्षों से खाली हैं। इससे न सिर्फ निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि गुणवत्ता की जांच और तकनीकी निगरानी भी कमजोर हो गई है। यहीं कारण है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच और देखरेख ठीक से नहीं हो रही है और ठेकेदार भी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे है। कुछ नगरीय निकायों में प्रभारी के भरोसे काम चलाया जा रहा है। इंजीनियरों की कमी के कारण सडक़, नाली, भवन और विद्युत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। तकनीकी स्टाफ की कमी से निर्माण गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ रहा है। बैतूल नगरपालिका की बात करे तो यहां एक कार्यपालन यंत्री का पद स्वीकृत है, लेकिन यह पद करीब दो वर्षों से खाली पड़ा है। बैतूल का कार्यपालन यंत्री बैतूल के साथ ही जिले की अन्य नगर पालिका एवं नगर परिषदों के कार्यों की भी देखरेख करते हैं। पद खाली होने के कारण बैतूल सहित जिले की सभी नगरीय निकाय को तकनीकी स्वीकृति एवं कार्यपालन यंत्री के अन्य कार्यों के लिए भोपाल जाना पड़ रहा है। इसके चलते नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति, तकनीकी अनुमोदन और टेंडर प्रक्रिया में देरी हो रही है। जिसके कारण विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं और गुणवत्ता की भी ठीक से निगरानी नहीं हो पाती है।



### प्रभारी इंजीनियरों के भरोसे नगरीय निकाय

जिले की 5 नगर परिषद प्रभारी इंजीनियरों के भरोसे संचालित हो रही है। प्रभारी इंजीनियर इन परिषद में कभी-कभी ही जाते है। वैसे नियमानुसार इंजीनियरों को सप्ताह में कम से कम 2 बार आना चाहिए। लेकिन इंजीनियर महीने में 2 से 4 बार ही आ रहे। नगर परिषद घोड़ाडोंगरी में इंजीनियर का पद खाली है। बताया जा रहा है कि यहां प्रभारी इंजीनियर महीने में 2 से 3 बार ही आते हैं। इंजीनियरों की कमी के कारण सडक़, नाली, भवन, विद्युत एवं अन्य विकास कार्यों की तकनीकी जांच समय पर नहीं हो पा रही है। कई जगहों पर एक ही इंजीनियर को अतिरिक्त प्रभार दिया है, जिससे काम का दबाव बढ़ गया है और निगरानी कमजोर पड़ रही है। जिसके कारण ठेकेदार मनमानी करते है और मानीटरिंग के अभाव में निर्माण समय से पहले ही खराब हो जाते है।

### पांच नगर परिषदों में इंजीनियर ही नहीं

जिले की पांच नगर परिषद इंजीनियरों के अभाव में संचालित हो रही है। बताया जा रहा है कि बैतूल बाजार, घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, आठनेर और भैंसदेही नगर परिषदों में सिविल इंजीनियर का पद स्वीकृत होने के बावजूद वर्तमान में एक भी इंजीनियर पदस्थ नहीं है। वर्तमान में मुलताई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर को शाहपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सिविल के निर्माण कार्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर द्वारा देखे जाने से कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शाहपुर में करोड़ों की लागत से अमृत 2.0 नल जल योजना का काम चल रहा है, जिसे सिविल की जगह 90 किमी दूर मुलताई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर द्वारा देखा जा रहा है। वहीं सारनी के इंजीनियर को 100 किलोमीटर दूर भैंसदेही का अतिरिक्त प्रभार दिया है। वहीं घोड़ाडोंगरी में 90 किलोमीटर दूर मुलताई के इंजीनियर काम देख रहे हैं।

### *बैतूल-मुलताई नपा में भी कई पद रिक्त*

*नगर पालिका बैतूल में 1 सहायक यंत्री, 4 सिविल और 1 इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में यहां 1 सहायक यंत्री, 2 सिविल और 1 इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ही पदस्थ हैं। वहीं मुलताई नगर पालिका में 1 सहायक यंत्री, 2 सिविल और 1 इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद स्वीकृत हैं, लेकिन सहायक यंत्री का पद रिक्त है। आमला में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर का पद खाली है, जबकि सारनी में भी सहायक यंत्री का पद वर्षों से रिक्त है। हालांकि नगरपालिका अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर नगरीय निकायों में रिक्त पदो की पूर्ति के लिए शासन का ध्यानार्षण कराया जाता है, लेकिन रिक्त पदो की पूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है।*

### *निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर पड़ रहा असर*

*नगरीय निकायों और परिषदों में इंजीनियरों की कमी का असर सीधे निर्माण कार्यो पर पड़ रहा है। कुछ नगर परिषद का प्रभार जरूर अन्य नगरपालिका के इंजीनियरों को सौंपा गया है, लेकिन निर्माण कार्यो की समय-समय पर सहीं मानीटरिंग नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से निकायों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है और जनता में भी निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की कमी के कारण नाराजगी बनी रहती है। दूसरी तरफ अतिरिक्त प्रभार के कारण इंजीनियरों पर अतिरिक्त कार्य का दबाव पड़ रहा है। जिसका असर यह होता है कि वह प्रभार वाले नगरीय निकायों में नियमित मॉनीटरिंग नहीं कर पाते है और ठेकेदार मनमानी करते है। जिससे नगरीय निकायों में घटिया निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।*

### *डिमांड भेजी है*

*बैतूल सहित जिले की सभी नगरीय निकायों में इंजीनियरों की कमी है। इंजीनियरों की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहे है। इंजीनियरों के पद भरने के लिए शासन को डिमांड भेजी गई है।*

*सतीश मटसेनिया,*
*सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

### पुराने नल कलेक्शन के पास नल देने की मांग

## समस्या: सड़कों की खुदाई से वार्डवासी हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर



नगर परिषद शाहपुर द्वारा नल जल योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार और नल कनेक्शन दिये जा रहे है। इससे वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे के वार्ड वासी बहुत परेशान हैं। वार्डवासियों का कहना है कि जहां पर हमारा पुराना नल कनेक्शन था, वहीं नया नल कनेक्शन भी चाहिए। अभी वर्तमान की स्थिति में नई पाइप लाइन के कारण सड? दोनों और छोटे-छोटे टुकड़े 10 फीट के टुकड़ों के रूप में दी गई है। वार्डवासियों को पुराने नल कनेक्शन तक ले जाने में नई नाली खोदकर पाइपलाइन को गहराई से अंदर ले जाना पड़ेगा। जिससे वार्डवासियों के ऊपर आर्थिक बोझ आएगा। वार्डवासियों का कहना है कि जो पुरानी नल जल व्यवस्था है, उसी जगह तक ले जाकर व्यवस्थित कनेक्शन दिया जाए। नल कनेक्शन प्रदाय करते समय वार्ड वासियों ने कर्मचारियों से निवेदन किया था कि उनके पुराने कनेक्शन तक, नया कनेक्शन भी पहुंचाया जाए, परंतु ठेकेदार के कर्मचारियों ने पाइप लाइन सुरक्षित पहुंचाने में कोई सहयोग नहीं प्रदान किया। जिससे नागरिकों में नाराजगी बनी हुई है।

### वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जावरा के पास हुए एक सडक़ हादसे में लाखापुर निवासी 25 वर्षीय सोनू कवड़े की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब सोनू अपने साथी रामदयाल के साथ अर्जुनवाड़ी से एक सगाई कार्यक्रम से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर से सोनू कवड़े सिर के बल सडक़ पर गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं इस हादसे में उनके साथी रामदयाल को कोई चोटें नहीं लगी। घायल सोनू को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कल से दो दिवसीय बैतूल प्रवास पर रहेंगे सैनिक कल्याण संचालक

**बैतूल।** संचालक सैनिक कल्याण मप्र भोपाल ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल (से.नि.) आज 25 एवं 26 फरवरी को बैतूल, मुलताई और सारणी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों और उनके आश्रितों से सीधा संवाद करेंगे। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल से मिली जानकारी के अनुसार 25 फरवरी को वे कारगिल चौक बैतूल पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं सुनेंगे। ब्रिगेडयर नायर 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे ग्राम मोही, मुलताई में द्वितीय विश्वयुद्ध की वीर नारी से भेंट करेंगे। इसके पश्चात 11 बजे शासकीय अस्पताल परिसर स्थित ईसीएचएस कैंप, मुलताई में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से संवाद करेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

### प्रसूता से अपमानजनक टिप्पणी करने का भी आरोप

## आरोप: पेट पर घूंसे मारे, इसलिए नवजात की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में लापरवाही और दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। 20 फरवरी की रात एक नवजात की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही बरतने, प्रसूता की तकलीफ को नजरअंदाज करने और उसके पेट पर घूंसे मारने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना के बाद प्रसूता की मानसिक स्थिति बिगड़ गई है, जिसके चलते उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। वर्तमान में प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की टीम गठित कर दी है। नवजात के पिता योगेश यादव ने बताया कि प्रसूता को दर्द बढऩे पर ड्यूटी पर मौजूद नर्स को कई बार बुलाया गया, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने प्रसूता के साथ असंवेदनशीलता की सारी हदें पार करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की। परिजन हंसराज के मुताबिक, देर रात करीब ढाई बजे जब प्रसूता का दर्द बहुत ज्यादा बढ़ गया था, तब नर्स को जगाने पर उन्होंने चिढक़र अभद्रता की। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने महिला के पेट पर घूंसे मारे, जिससे गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। इस अमानवीय घटना और नवजात की मौत के बाद प्रसूता गहरे सदमे में है और उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई है। महिला की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिवार को मजबूरन उसे जिला अस्पताल से ले जाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।




### 3 डॉक्टरों की टीम करेगी जांच नर्स व स्टाफ को नोटिस

बैतूल जिला अस्पताल के सिविल सर्जन जगदीश घोरे ने इस पूरे मामले की पुष्टि की है और इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित की गई है। ड्यूटी पर मौजूद संबंधित नर्स और चतुर्थ श्रेणी स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक महीने बाद भी लापता मासूम का नहीं मिला सुराग

**बैतूल।** भैंसदेही थाना क्षेत्र स्थित चिल्कापुर गांव से 7 वर्षीय खुश माथनकर पिछले एक महीने से लापता है। 18 जनवरी को घर से बकरी लेने निकला खुश वापस नहीं लौटा। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार उसकी तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। खुश 18 जनवरी की शाम को स्कूल से घर लौटा था। उसने अपनी दादी को बताया कि वह बकरी लेने जा रहा है और घर से निकल गया। रास्ते में उसने अपने दोस्तों से भी यही बात कही थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शाम तक जब खुश नहीं लौटा, तो परिजनों और ग्रामीणों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। 19 जनवरी को परिजनों ने भैंसदेही पुलिस थाने में खुश की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तब से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी है।

### आधे से ज्यादा नगर की पेयजल आपूर्ति कर सकता है चिकना नाला

## नगर में बिगड़ती पेयजल व्यवस्था को लेकर पार्षद ने दिया ज्ञापन, चिकना नाला के विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

नगर के सबसे पुराने एकमात्र जल स्रोत चिकना नाला के विस्तारीकरण की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद राकेश शर्मा ने नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्षद ने ज्ञापन में कहा है कि स्थानीय प्रशासन ने बीते कई वर्षों में नगर की पेयजल व्यवस्था के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, किंतु फिर भी नगर में पेयजल व्यवस्था को लेकर हालत ज्यादा बदल नहीं पाए हैं। अब ग्रीष्मऋतु शुरू होने को है, ऐसे में हर साल की तरह इस साल फिर जल संकट के आसार नजर आने लगे है। उन्होंने नगरपालिका के दशकों पुराने परंपरागत जल स्रोत चिकना नाला को गर्मियों के लिए एक मजबूत विकल्प बताया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि चिकना नाला पर नगरपालिका का पूरा सिस्टम पहले से ही लगा हुआ है, लेकिन नपा के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान न देने पर चिकना नाला बदहाली की हालत में पहुंच गया है, इस ओर ध्यान देने की मांग ज्ञापन में की गई है। इस मौके पर पार्षद ने नपा परिषद को शीघ्र चिकना नाला का निरीक्षण और इस मामले में त्वरित निर्णय करने की मांग भी नपा अधिकारी से की है।




### *आधे शहर की आपूर्ति कर सकता है चिकना नाला*

*जानकार बताते हैं कि पंचवटी हनुमान मंदिर के पास स्थित चिकना नाला आधे से ज्यादा शहर की प्यास बुझा सकता है, किंतु नपा द्वारा चिकना नाला को अलग कर दिया गया है। इस बारे में नगरवासी गजानंद टिकारे, भगवान दास, संजय साहू, राजकुमार सोनी आदि लोगों ने बताया है कि अगर नगरपालिका चिकना नाला को लेकर गंभीरता से काम करें तो शहर में हर साल गर्मियों में पैदा होने वाले जल संकट को काफी हद तक टाला जा सकता है।*

### *होली से 2 दिन के अंतराल में होगी जलापूर्ति*

*नगरपालिका द्वारा अगले माह 3 मार्च होली से पूरे शहर में दो दिन के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में जल शाखा के प्रभारी अरुण पवार ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए होली से 2 दिन के अंतराल में पेयजल आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया है।*

### *600 से ज्यादा नल कनेक्शन भी कटेंगे*

*नगर पालिका के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरे शहर में लगभग 6600 नल जल उपभोक्ता है। बता दें कि बीते लगभग तीन वर्ष पहले पूरे नगर में सभी घरों में नल कनेक्शन दिए गए थे, किंतु जैसी कि नपा सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसमें से लगभग 600 से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक नल कनेक्शन की राशि नगर पालिका में जमा नहीं की है। ऐसे में नपा आमला ऐसे नल कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने का अभियान भी चला रही है।*

### अनूपपुर में पटवारियों पर कार्रवाई, प्रदेशभर में आक्रोश

## बैतूल पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन 27 फरवरी से हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



अनूपपुर जिले में पटवारियों पर हो रही प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर के पटवारियों में है। मंगलवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ की बैतूल जिला इकाई ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अवधेश वर्मा, संरक्षक जितेंद्र पवार के नेतृत्व में पटवारियों ने राजस्व विभाग मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव और आयुक्त भू-अभिलेख (ष्टरुक्र) के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन में बताया कि अनूपपुर जिला प्रशासन द्वारा पटवारियों का लगातार आर्थिक, मानसिक और प्रशासनिक उत्पीडऩ किया जा रहा है। अनूपपुर में कई पटवारियों का वेतन महीनों से रोका गया है, बिना किसी अपील के अर्थदंड लगाए गए हैं और 30 से अधिक पटवारियों को बिना नोटिस के निलंबित किया गया है। बैतूल इकाई ने इन कार्रवाइयों को तानाशाही करार देते हुए कहा कि वेतन पर कर्मचारी और उसके परिवार का अधिकार होता है, जिसे अनूपपुर कलेक्टर द्वारा अनुचित रूप से रोका गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि अनूपपुर जिले के पटवारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के पटवारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

### पवित्र नगरी में धूमधाम से मना संत गाडगे बाबा का 150वां जयंती महोत्सव

# हवन-पूजन, भव्य पालकी यात्रा, प्रतिभा सम्मान और परिचय सम्मेलन के साथ दिया स्वच्छता व शिक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

सूर्यपुत्री मां ताप्ती की पावन नगरी में स्वच्छता अभियान के प्रेरणास्त्रोत एवं समाज सुधारक संत गाडगे बाबा का 150वां जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रातःकाल हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रातः 11 बजे संत गाडगे बाबा की पालकी यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकली, जिसमें बाल गोपालों की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के विभिन्न स्थानों पर पालकी का पुष्पवर्षा एवं आरती के साथ स्वागत किया गया। विकास, मनोज, मुन्ना, अंकुश सेवतकर एवं विलास राऊत सहित समाजजनों ने यात्रा के स्वागत में सक्रिय सहभागिता निभाई। मां ताप्ती मंदिर, जगदीश मंदिर एवं गजानंद रविदास मंदिर परिसर में भी पालकी का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। आगंतुकों के लिए नाश्ते की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन सी.के. गाडगे, दिलीप सौदागर, अनिल तिडके, रामप्रसाद बाथरी एवं सारजेराव मुदाफले ने किया। अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।



### प्रतिभा सम्मान समारोह बना आकर्षण का केंद्र

समारोह में लोकेश प्रकाश सेवतकर को यूजीसी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त कर मुलताई एवं समाज का नाम रोशन करने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा खिलाडियों सहित कुल 25 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। व्यवस्था संचालन में श्रावण उमरे, शशी सोलंकी, ललित गाडगे, संजय तायवाडे आदि का रहा योगदान।

### गाडगे बाबा के आदर्शों पर चलने का आह्वान

संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवतकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाडगे महाराज ने जीवनपर्यंत शिक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रदेश प्रभारी अशोक कुमार बाथरे, प्रदेश संगठन मंत्री सुधाकर निम्बुलकर, नर्मदापुरम संभाग संगठन मंत्री मीरा पटने, जिलाध्यक्ष रामप्रसाद भारके, बैतूल जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बाथरी एवं जिला संगठन मंत्री रमेश कालेलकर ने भी गाडगे बाबा के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मुलताई नगर अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने समाज को स्वच्छता, शिक्षा एवं सामाजिक एकता के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

### *बालक-बालिकाओं का परिचय सम्मेलन व आभार*

*कार्यक्रम में आठ बालक-बालिकाओं का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिससे समाज में संवाद एवं समन्वय को बढ़ावा मिला। अंत में अनिल पपाड?र एवं गजेन्द्र वावसे ने समिति की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन ने संत गाडगे बाबा के स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया।*

**खबर संक्षेप**

## महिला पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**माखनगर।** माखन नगर चंदाबाई केवट ग्राम बनखेड़ी में मजदूरी करने आई थी। खेत में मिर्ची तोड़ रही थी तभी उसका पूर्व पति सीताराम केवट ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया महिला के दोनों पैर में कुल्हाड़ी की चोट से आई है ।एक पैर से अत्यधिक खून निकल आया आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर महिला को माखन नगर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रिफर किया गया है जहां उसका इलाज जारी है एसआई अशोक बरबड़े ने बताया आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## भोपाल में साहित्य साधना का हुआ सम्मान

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा जो नगर के वरिष्ठ साहित्यकार भी है। तथा लेखक भी हैं शर्मा मध्य प्रदेश से लेकर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सम्मानित हुए हैं। तथा आपने लगभग 2 दर्जन से अधिक किताबें लिखी हैं।जिनका अनेकानेक जगहों पर अनेकानेक गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों अधिकारी वर्ग साहित्यकार ने भी लोकार्पण किया गया है।अभी भी कुछ गतिविधियों में शामिल होकर नगर का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

### सरपंच और सचिव की ओर से अब तक कोई विस्तृत आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया

# आंगनबाड़ी भवन के गुणवत्ताहीन निर्माण पर ग्रामीणों की नाराजगी, काम रुकवाया

हिरनचापड़ा में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, विशेष रूप से छत की लोहे की रॉड की मोटाई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुभाग के केसला ब्लॉक के ग्राम हिरनचापड़ा में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को आंगनवाड़ी की छत ढलाई के लिए लोहा बांधने का काम चल रहा था, जिसे ग्रामीणों ने घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए रुकवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे बच्चों के भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

### लोहे की मोटाई पर विवाद

मौके पर पहुंचे ग्रामीण बंटी और अन्य साथियों ने आरोप लगाया कि छत के जाल में तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि मजबूती के लिए 10 एमएम की रॉड लगाई जानी चाहिए, जबकि ठेकेदार द्वारा 8 एमएम की पतली रॉड का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का तर्क है कि इससे छत कमजोर रहेगी और भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

8 साल में ही जर्जर हो गया पिछला भवन

ग्रामीणों के आक्रोश की एक बड़ी वजह पिछला कड़वा अनुभव भी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में बना आंगनवाड़ी भवन खराब गुणवत्ता के कारण मात्र 8-10 साल में ही पूरी तरह जर्जर हो गया। स्थिति इतनी खराब है कि अब वहां बच्चों को नहीं भेजा जाता। ग्रामीण नहीं चाहते कि नया भवन भी उसी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए।

**इंजीनियर का पक्ष :** इंजीनियर मगरदे का कहना है कि लोहा तकनीकी मापदंडों के अनुसार ही बांधा गया है, लेकिन ग्रामीणों को तकनीकी बारीकियों की जानकारी नहीं है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि बांधने के तरीके में कुछ कमी थी जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौके पर लोहा बढ़ाने की बात भी कही।

### काम नहीं करने देने की चेतावनी

ग्रामीणों ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं किया जाता और उनकी मांगों के अनुरूप कार्य नहीं होता, तब तक वे निर्माण कार्य शुरू नहीं होने देंगे। ग्रामीण उच्चाधिकारियों से इसकी जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कभी यहां न तो सरपंच काम देखने आते हैं और ना ही पंचायत सचिव गुणवत्ता देखने आते हैं।

### इंजीनियर की दो-टूक : मैं लिखित में देने को तैयार हूं

छत के जाल में लोहे की गुणवत्ता और मोटाई को लेकर ग्रामीण लगातार सवाल उठा रहे थे। इस विरोध के बीच इंजीनियर रोहित यादव मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य का बचाव किया। जब ग्रामीणों ने मजबूती पर संदेह जताया, तो इंजीनियर रोहित यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि— काम मापदंडों के अनुसार सही हो रहा है और मैं इस बात को लिखित में देने के लिए तैयार हूं।

इस पूरे मामले में सरपंच रामकली सेलुकर और सचिव वीर नारायण यादव की ओर से अब तक कोई विस्तृत आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों में संदेह और बढ़ गया है। ग्रामीण अब इस मामले को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर जांच की मांग कर रहे हैं।

# बीतने को है फरवरी, अब तक नहीं मिला जनवरी का वेतन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद के सभी श्रेणियां के कर्मचारियों को अब तक जनवरी माह का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी कर्मचारियों ने बताया कि जनवरी माह में भी दिसंबर 2026 का वेतन लगभग अंतिम सप्ताह में दिया गया था। तथा यही स्थिति फरवरी माह में भी बनी है। जबकि माह समाप्त होने को पांच दिन बचे हैं। लेकिन अब तक जनवरी माह का वेतन कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है।

### बीत रहे त्यौहार

कर्मचारियों ने बताया कि इस बीच महाशिवरात्रि जैसा बड़ा त्यौहार बीत गया है। ऊपर से वैवाहिक समय भी है, जिसके कारण वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी बहुत परेशान हैं। नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय में लगभग 200 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिनमें नियमित, विनियमित तथा मस्टर कर्मचारी शामिल हैं। लेकिन इनमें से किसी भी श्रेणी के कर्मचारी को अब तक वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। परिषद के सभी कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अविलंब वेतन भुगतान की मांग की है।

नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा प्रतिमा सोहागपुर निकाय को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि दी जाती है। लगभग 25 लाख रुपए की राशि जब निकाय को प्राप्त होती है, तब जाकर कर्मचारियों के वेतन की व्यवस्था बन पाती है। स्पष्ट है कि चुंगी क्षतिपूर्ति के भुगतान पर सोहागपुर नप की वेतन व्यवस्था में निर्भर है। यद्यपि प्रतिमाह 40 लाख रुपए से अधिक राशि वेतन भुगतान के लिए आवश्यक होती है। जिसमें से लगभग 25 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति के मिलते हैं। बाकी राशि की व्यवस्था नप द्वारा की जाती है।

इस संबंध में सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, का कहना है कि चुंगी क्षतिपूर्ति राशि मिलने वाली है। जैसे ही राशि मिलेगी, वैसे ही वेतन भुगतान किया जाएगा।

## सोहागपुर व पिपरिया के बीच कुमावड़ रोड क्षतिग्रस्त



**सोहागपुर।** सोहागपुर से पिपरिया व पचमढ़ी पहुंचने का एक मार्ग बंदी छोड़ पिपरिया से होते हुए भी है। वर्तमान में स्टेट हाईवे पर यातायात के दबाव से बचने नागरिक इसी अंदरूनी रास्ते से पिपरिया व पचमढ़ी जाते हैं। इस रास्ते पर ग्राम कुमावड़ के समीप डामर रोड क्षतिग्रस्त है। सोहागपुर निवासी अधिवक्ता शिरीष तिवारी ने बताया कि ग्राम कुमावड़ के समीप रोड बहुत क्षतिग्रस्त है। जिससे बाइक फिसलने से लोग चोटिल होते हैं। यहां तक कि बड़े वाहनों को भी क्षति होती है। संबंधित विभाग द्वारा सूचना के बाद भी सड़क सुधार नहीं करने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है।

# एसडीएम ने किया कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण, जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने मंगलवार को कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है। बताया जाता है कि मंगलवार को कक्षा दसवीं की मध्य प्रदेश राज्य बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में गणित विषय का पर्चा था। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी तथा तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने शासकीय स्कूल कामती रंगपुर, शासकीय कन्या शाला सोहागपुर तथा शहर स्थित एक निजी विद्यालय में संचालित कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा के केंद्रों का निरीक्षण किया है। हरिभूमि द्वारा परीक्षा संचालन बाबत एसडीएम भल्लावी से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई है।

# खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी, समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से मिले विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



किसानों के खेतों तक आसानी पहुंचे इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं तैयार की है लेकिन इन योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रही है। जिससे वह परेशान है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह कि किसानों के जहां खेतों में फसलें खड़ी वहां आसानी से पानी उपलब्ध ही नहीं है। ग्राम पंचायत मोहारीकला ,मुहारीखुर्द,हथनीखापा कुर्सी खापा के किसानों को नहर का लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञात रहे तरौनकला, कुंमहाबड, सहित अन्य गांवों के लोगों को भी नहर का पानी मिल नहीं रहा था।।इस बात को ध्यान में रखते हुए पाइप लाइन से इन गांवों के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए यह योजना लागू की है। जिसका मुख्यालय नवल गांव में रहेगा। डोकरी खेड़ा डेम से पानी मिल नहीं रहा था। इसलिए पाइप लाइन से इन गांवों में लगातार पानी मिल सके। लेकिन अभी भी कुछ गांव में पानी मिल नहीं रहा था। तो पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है। इस पर विधायक ने पिपरिया नहर संभाग नहर सोहागपुर में प्रतिवर्ष जल उपभोक्ता संस्थाओं को राशि उपमंत्री के माध्यम से मरम्मत कार्य साफ सफाई को लेकर भी चर्चा की है। जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कार्यपालन यंत्री लेखापाल आदि की जांच करने की बात कही है।

# इटारसी के नमन ने ठुकराए 11 लाख, 101 रुपए और नारियल लेकर पेश की एक अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समाज में जहां आज भी शादियां भारी-भरकम लेन-देन और दिखावे के बोझ तले दबी हैं, वहीं मध्य प्रदेश के इटारसी से एक ऐसी खबर सामने आई है जो न केवल दिल जीत लेने वाली है, बल्कि कुरीतियों पर करारा प्रहार भी करती है। यहाँ एक विवाह समारोह में दूल्हे और उसके परिवार ने 11 लाख रुपये के तिलक को ठुकरा कर मानवता और सादगी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

### लेन-देन नहीं, रिश्तों का सम्मान सर्वोपरि

जानकारी के अनुसार, यह सराहनीय पहल न्यू यार्ड निवासी एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत के पुत्र नमन राजपूत के विवाह समारोह में देखने को मिली। जब दिगवाड़ निवासी वधू पक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ की सुपुत्री श्रुति ने परंपरा के नाम पर तिलक की रस्म में 11 लाख रुपये भेंट किए जा रहे थे, तब नमन और उनके माता-पिता ने बड़ी विनम्रता से इस बड़ी राशि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

नमन ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि विवाह दो परिवारों के बीच प्रेम, विश्वास और सम्मान का बंधन है, इसे लेन-देन का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने केवल 101 रुपये और एक नारियल को आशीर्वाद स्वरूप



स्वीकार कर रस्म पूरी की।

### नई पीढ़ी की नई सोच

समारोह में मौजूद सैकड़ों मेहमान इस दृश्य को देखकर दंग रह गए और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उपस्थित लोगों का कहना था कि नमन जैसे युवाओं की यह सोच समाज के लिए एक मशाल की तरह है। एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत के इस निर्णय ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और संस्कार ही असली धन हैं।

दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ राजपूत परिवार का यह कदम इटारसी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक नजीर बन गया है। सोशल मीडिया पर भी इस 'आदर्श विवाह' की जमकर तारीफ हो रही है। यह घटना साबित करती है कि यदि युवा पीढ़ी ठान ले, तो समाज से दहेज जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सकता है

# आठ फीट लंबा सांप, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मंगलवार दोपहर जिला न्यायाधीश तबस्सुम खान के बंगले में अचानक लगभग 8 फुट लंबा सांप निकल आने से परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोग और न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों की भीड़ बंगले के बाहर एकत्र हो गई।

स्थिति को देखते हुए तत्काल सर्प मित्र कालू कौशल को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने पहुंचकर सावधानीपूर्वक सांप को पकड़ा और स्थिति को नियंत्रित किया, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।



### घोड़ा पछाड़ प्रजाति का निकला सांप

सर्प मित्र कालू कौशल ने बताया कि पकड़ा गया सांप 'घोड़ा पछाड़' प्रजाति का है, जिसकी लंबाई लगभग 8 फुट है। यह सांप जहरीला नहीं होता, हालांकि इसकी गति बहुत तेज होती है, जिसके कारण लोग घबरा जाते हैं। रेस्क्यू के बाद सांप को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल के एकांत क्षेत्र में छोड़ दिया गया। समय रहते सांप को सुरक्षित हटाए जाने से किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान की स्थिति नहीं बनी।

### सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ भूख हड़ताल, तिवारी बोले, साजिश है

**इटारसी।** जयस्तंभ चौक पर अक्सर कांग्रेस नेता और सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन (गज्जू) तिवारी दूसरों के हक के लिए धरने पर बैठते हैं, वहीं उनके ही पड़ोस में रहने वाला एक युवक उनके खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठ गया है। नेहरूगंज निवासी कपिल यादव ने तिवारी पर मकान कब्जाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कपिल यादव का कहना है कि उन्होंने न्याय के लिए एसपी से लेकर एसडीएम दफ्तर तक के चक्कर काटे, लेकिन जब सरकारी तंत्र से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

# नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 15 में बन रही पार्क का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संवारने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में रिक्त स्थानों पर पार्कों का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 15 पार्षद निर्मला हंस राय के वार्ड में 40 लाख की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्वार का कार्य किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, वार्ड पार्षद एवं सभापति निर्मला हंस राय, उपयंत्री दीक्षा तिवारी द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत



देते हुए कहा कि यह पार्क वार्ड की शान है। इसका कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करें। साथ ही मनभावना और पर्यावरण हितेषी पौधों का रोपण करें। निरीक्षण के दौरान उपस्थित वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद का आभार जताते हुए कहा कि इस वार्ड में पर्यावरण के क्षेत्र में यह पार्क मील का पत्थर साबित होगी। स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग जल्द ही पूरी हो जाएगी।

### पुराने नाले को बंद करने के खोजे जाए कारण, करें समस्या का समाधान

# स्टेट हाईवे पर जलभराव, एसडीएम ने दिए सर्वे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में सीएम राइस स्कूल के निर्माणाधीन भवन के समीप स्टेट हाईवे पर जल भराव की समस्या होती है। बरसात में समस्या बहुत गंभीर हो जाती है। मामले में एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने सोहागपुर नप सीएमओ को समस्या समाधान के निर्देश दिये हैं।

मंगलवार को जपं सभागार में जन सुनवाई जारी थी। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने एसडीएम प्रियंका भल्लावी को बताया कि किसी समय जल भराव के स्थल पर नाला हुआ करता था। लेकिन अब नाला बंद है, जिसके कारण सामान्य मौसम में स्टेट हाईवे पर जल भराव होता है। वहीं बारिश में स्टेट हाईवे का लगभग 100 मीटर तक का हिस्सा पानी में डूब जाता है। वाइन शॉप के सामने पानी भराव के कारण सड़क में गड्ढे हो जाते हैं तथा दुर्घटनाओं में लोग गिरकर चोटिल भी हुए हैं। अतः एसडीएम से नागरिकों अपेक्षा की है कि समस्या का समाधान कराएं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को ही हरिभूमि ने समस्या के संबंध में समाचार प्रकाशित किया है। हरिभूमि द्वारा इससे पूर्व भी कई बार समस्या बाबत समाचार प्रकाशित किये जा चुके हैं।

### दिए निर्देश

नागरिकों की समस्या सुनकर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने मौके पर



**स्टेट हाईवे पर स्टेडियम के समीप तीखा मोड़ बना 'एक्सीडेंटल पॉइंट'**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर स्थित स्टेडियम के समीप हाईवे का तीखा मोड़ एक्सीडेंटल पॉइंट बनता जा रहा है। क्योंकि मोड़ पर दुकानों तथा नगर परिषद की फूटी पेयजल लाइन का पानी भरा रहता है। इस तरह रोड के शोल्डर व पिचिंग असुरक्षित हैं। नागरिकों के अनुसार उक्त मोड़ से आते जाते वाहनों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि कुछ बाइकर्स सड़क किनारे पानी में डूबे शोल्डर एवं पिचिंग में गिर चुके हैं। नागरिकों ने बताया कि मोड़ स्टेट हाईवे पर लगभग 90 अंश के कोण पर स्थित है। मोड़ पर चौराहा भी है, जहां कई दुकानें हैं एवं यात्री बसों का अस्थाई स्टापेज भी होता है। जिसके कारण यहां पूरे समय यातायात का भारी दबाव बना रहता है। और इस तरह

मोड़ का पानी में डूबा अंदरूनी सिरा एक्सीडेंट पाइंट बनता जा रहा है।

**पूरा क्षेत्र चिंता का स्थल**

मोड़ से कुछ आगे नर्मदापुरम मार्ग पर वाइन शॉप है, जहां रोड पर सामान्य मौसम में आए दिन जल भराव हो जाता है। लेकिन बरसात दौरान लगभग 100 मीटर की दूरी में स्टेट हाईवे पानी में डूब जाता है। नागरिकों के अनुसार वाइन शॉप के समीप बरसाती पानी की निकासी का नाला हुआ करता था। लेकिन नाला गायब है तथा जल निकासी अवरुद्ध रहती है। जल निकासी के लिए स्वीकृत नाली का निर्माण नहीं किया जा रहा है। नागरिकों के अनुसार एसडीएम स्तर के अधिकारी भी अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। अतः निराश नागरिकों ने अब विपक्षी दल कांग्रेस की नगर तथा ब्लॉक कमेटियों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे ही इस पीड़ादायी समस्या के निराकरण का प्रयास करें।

उपस्थित नप धर्मेंद्र शर्मा से कहा कि उपयंत्री, आरआई एवं पटवारी के साथ मौके पर देखें कि दशकों से बरसाती एवं निस्तारी पानी के बहाव वाला नाला बंद क्यों है। यदि नाला निजी भूमि पर है तो देखें कि नजूल नक्शे में नाला उल्लेखित है अथवा नहीं। यदि तब भी नाला खुलने की स्थिति नहीं बने, तो कोई ना कोई वैकल्पिक व्यवस्था करें। ताकि समस्या का समाधान हो एवं नागरिक चोटिल होने से बचें। इधर नागरिकों में भय है कि आगामी बरसात में फिर जल भराव होगा तथा समस्या होगी। एसडीएम ने लोनिवि रेस्ट हाउस चौराहे पर जलभराव समस्या के समाधान के भी निर्देश दिये हैं।

# चलती ट्रेन में गर्भवती को प्रसव पीड़ा, आरपीएफ ने की मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे सुरक्षा बल और रेल प्रशासन की सजगता से सोमवार रात एक गर्भवती महिला यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। ट्रेन संख्या 11061 पवन एक्सप्रेस के कोच एस-7, बर्थ नंबर 13, 14 में यात्रा कर रही 19 वर्षीय रजनी कुमारी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। रजनी अपने देवर सोनू कुमार के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दरभंगा बिहार की यात्रा कर रही थीं। डिप्टी एसएस (वाणिज्य) विनोद सिंह को सूचना मिलते ही ट्रेन के इटारसी पहुंचते ही आरक्षक नवाब सिंह और अजीत सोरेंग मौके पर पहुंचे। महिला को ट्रेन से उतारा और दयाल अस्पताल की एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल, इटारसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

# कार ने मारी टक्कर, भोपाल की निवासी महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के खेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। साईं कृष्णा रिसॉर्ट के पास एक अज्ञात कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई हैं।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राममोहन मेहरा पिता कोमल मेहरा, उम्र 45 वर्ष, निवासी कोलार कॉलोनी, भोपाल अपनी पत्नी माला मेहरा के साथ इटारसी आए हुए थे। जब वे खेड़ा स्थित साईं कृष्णा रिसॉर्ट के बाजू में, पेट्रोल पंप के सामने मौजूद थे, तभी एक सफेद रंग की कार एमपी 04-3056 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए माला मेहरा को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में उन्हें शारीरिक चोटें आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इटारसी पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## उधार सामान न देने पर व्यापारी के साथ मारपीट, तीन लोगों पर किया गया मामला दर्ज

**इटारसी।** शहर के चामुंडा चौराहा क्षेत्र में उधार सामान देने से मना करने पर एक हार्डवेयर व्यापारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के अनुसार फरियादी अनिल अग्रवाल पिता शिवदयाल अग्रवाल, उम्र 58 वर्ष, जो चामुंडा चौराहा गांधीनगर के निवासी हैं, अपनी हार्डवेयर की दुकान पर मौजूद थे। तभी हाजी मंजिल के आगे रहने वाले तीन युवक रितिक कुचबंदिया, रोहित कुचबंदिया, और बबलू कुचबंदिया दुकान पर आए और उधार सामान की मांग करने लगे। जब अनिल अग्रवाल ने उधार सामान देने से मना कर दिया, तो तीनों आरोपी भड़क गए।

आरोपियों ने व्यापारी को गालियां दीं। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने मिलकर अनिल अग्रवाल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गये। इटारसी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

## जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन 27 को

**हरदा।** जिला प्रशासन हरदा के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन 27 फरवरी को किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मेघा सुमन ने बताया कि यह जागरुकता कार्यक्रम 27 फरवरी को शहर के एक होटल में सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा स्कीम में रजिस्टर्ड लाभार्थी सीधे उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। इसके लिए पीएम विश्वकर्मा आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## हंडिया में स्क्रीनिंग शिविर 25 को

**हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी के लिए हरदा में शुरू होगा जन-संवाद अभियान

**हरदा।** भारत सरकार द्वारा ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लागू किए गए विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका की गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरदा जिले में व्यापक आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) कार्यक्रम का आगाज होने जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ जोनाथन ने जिले की सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों के लिए विस्तृत कार्ययोजना जारी की है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को न केवल रोजगार का वैधानिक अधिकार देना है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करना है जहां काम के बदले पारदर्शी और त्वरित भुगतान सुनिश्चित हो, योजना का निर्माण और क्रियान्वयन पूरी तरह पंचायत स्तर पर हो तथा सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता रहे। जिला पंचायत सीईओ ने अभियान को गति देने के लिए सप्ताह-वार थीम आधारित गतिविधियों का निर्धारण किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार पहला सप्ताह 23 से 28 फरवरी अंतर्गत श्रम बनाम तथ्य तथा रोजगार से परिसम्पत्ति तक पर मीडिया संवाद कार्यक्रम जिला स्तर पर किया जाएगा, जिसमें मुख्य तथ्य 125 दिन रोजगार की गारंटी, देरी से भुगतान से संबंधित प्रावधान, पंचायत की भूमिका तथा ग्रामीण परिसम्पत्तियों का सृजन आधारित गतिविधियां शामिल हैं।

### अवैध रेत परिवहन करते हुए राजस्व अमले की कार्रवाई संदेह के घेरे में, एसडीएम बोले मामले की जांच करेंगे

# ये कैसी कार्रवाई: 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा था, 5 की फाइल भेजी, 5 गायब, 2 थाने में खड़ी

**खनिज विभाग के पास केवल पांच फाइलें अवैध रेत का परिवहन करने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों की भेजी गई। जबकि 10 ट्रालियों की फाइल भेजी जानी थी। अब तहसीलदार की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

अवैध रेत परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में है। करीब दो माह पूर्व भैरुंदा तहसील में राजस्व विभाग की टीम ने अवैध रेत परिवहन के आरोप में 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना भैरुंदा की अभिरक्षा में सौंपा था। उस समय इसे बड़ी और सख्त कार्रवाई के रूप में प्रचारित किया गया था, लेकिन अब रिकॉर्ड और जमीनी स्थिति के बीच सामने आए अंतर ने पूरे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है। सूत्रों के अनुसार जब्त 12 वाहनों में से केवल 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की फाइलें ही खनिज विभाग को भेजी गईं। ताजा स्थिति यह बताई जा रही है कि थाने परिसर में वर्तमान में मात्र 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ही खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि शेष वाहन कहां गए? यदि सभी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई थी तो उनकी फाइलें संबंधित विभाग तक क्यों नहीं पहुंचीं?

जब इस संबंध में लाड़कुई के नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पांच प्रकरणों की फाइल भेजी गई थी, बाद में सभी मामलों की फाइल अग्रेषित कर दी गई है। वहीं खनिज विभाग के सूत्रों का कहना है कि उन्हें राजस्व विभाग से केवल पांच ही प्रकरण प्राप्त हुए हैं। दोनों विभागों के बयानों में यह स्पष्ट विरोधाभास संदेह को और गहरा कर रहा है। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक और गंभीर पहलू सामने आया है। बताया जा रहा है कि लाड़कुई क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के मामलों में कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीधे





किसी निजी फॉर्महाउस पर खड़ा करवाया जाता है। चर्चा है कि बाद में मामले को यहीं समाप्त कर संबंधित वाहनों को छोड़ दिया जाता है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह कार्रवाई की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्नचिह्न होगा। गौरतलब है कि भैरुंदा क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध रेत परिवहन के मामलों में जब्त वाहनों को कथित रूप से छोड़ने और अवैध वसूली की शिकायतें उठती रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर सख्ती के निर्देश दिए जाने के बावजूद यदि इस प्रकार की स्थिति बन रही है तो यह प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है।

**हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर**


एक माह से जब्तशुदा एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली की फाइलें दफ्तर में कैद, खनिज विभाग को नहीं भेजी

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी सलोनी साहू ने कलेक्टर को आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदिका की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। ग्राम पिडगांव के किसानों ने आवेदन देकर खेत में जाने के रास्ते पर पुलिया बनवाने की मांग की, जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आउटसोर्स डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स ने तीन माह का लंबित वेतन तथा एरियर भुगतान कराने की मांग की, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी आदित्य सिंह ने ग्राम गोंदागांव स्थित अपनी जमीन के सीमांकन की पुष्टी कराकर रिकार्ड दुरूस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हरदा निवासी उषा बाई ने आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने तथा खाद्यान्न पर्ची दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को पात्रता अनुसार आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

# ओवरब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे मकानों व अन्य जमीनों का सर्वे कार्य किया गया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में संपत्ति के मूल्यांकन का कार्य शुरू हो चला है जिसके लिए मकानों का सर्वे किया जा रहा है। ओवर ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे चरनोई भूमि, आबादी भूमि, शासकीय भूमि और निजी भूमि का सर्वे कार्य लोक निर्माण विभाग, ब्रिज कॉरपोरेशन समेत अन्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

मंगलवार को अधिकारियों की एक टीम ओवर ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे स्थानों पर पहुंची और सर्वे कार्य किया। बताया गया करीबन 65 मकान ओवरब्रिज के एलिमेंट एरिया में आ



रहे हैं इसके साथ में कुछ शासकीय दफ्तर भी एलाइनमेंट एरिया में आ रहे हैं। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मकान का सर्वे मूल्यांकन की रिपोर्ट करीब एक माह में प्रस्तुत की जाएगी यह रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत की जाएगी इसके बाद मुआवजे संबंधित कार्रवाई होगी। लोक निर्माण विभाग के उप यंत्री कैलाश प्रसाद चतुर्वेदी, सेतु विभाग के उप यंत्री अमिश शेडे, आशीष देशमुख समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषि रथ के माध्यम से जिले के 6720 किसानों को दी गई सलाह, 210 ग्राम पंचायतों में पहुंचा कृषि रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का संचालन 11 जनवरी से 11 फरवरी तक किया गया। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि जिले के विकासखंडो में संचालित कृषि रथों द्वारा 210 ग्रामपंचायतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान 6720 कृषक तथा 630 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों व वैज्ञानिको ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी।

कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उडद, मूंगफली एवं तिल फसल लगाने, फसल कटाई उपरांत शेष अवशेष यथा नरवाई प्रबंधन हेतु, उन्नत कृषि यंत्रो जैसे सुपरसीडर, मल्चर, रोटावेटर इत्यादि का उपयोग कर नरवाई को मृदा में अपघटित करने




एवं प्राकृतिक व जैविक कृषि करने, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वो के उपयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं तथा समसामयिक सलाह प्रदान की गई।

उप संचालक कास्दे ने बताया कि कृषि रथ कार्यक्रम के सफल संचलन में कृषि विस्तार अधिकारियो, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक व सहायक तकनीकी प्रबंधक, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर के मैदानी अमले की सक्रीय भागीदारी रही है।

# 20 लाख के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री का उपयोग, रेत की जगह चूरी से प्लास्टर-टाइल्स, पेटी कॉन्ट्रैक्टर पर अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दो भवनों के जीर्णोद्धार का कार्य विवादों में घिर गया है। ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में चल रहे करीब 20 लाख रुपए के इस कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि अधिकारियों की नाक के नीचे ही घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा है।

मौके पर टाइल्स लगाने और प्लास्टर करने में रेत की जगह धड़ल्ले से 'चूरी' (बारीक गिट्टी या ईंट का चूरा) का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार, चूरी के उपयोग से प्लास्टर और टाइल्स कुछ समय बाद उखड़ने लगते हैं, जिससे निर्माण की टिकाऊपन पर सवाल उठते हैं।

**गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न**

नियमों के अनुसार, निर्माण एजेंसी



को स्वयं कार्य की निगरानी करनी चाहिए, लेकिन यहां मुख्य ठेकेदार ने काम पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया है। निगरानी के अभाव में पेटी कॉन्ट्रैक्टर अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है। दोनों भवनों में प्लास्टर, टाइल्स, वाटर प्रूफिंग, विद्युतीकरण और पुट्टी का काम होना है, जिसकी गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। निर्माण स्थल पर लंबे समय से किसी इंजीनियर ने दौरा नहीं किया है, जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं।

इस लापरवाही के कारण गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग बेरोकटोक जारी है। इस संबंध में, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) सीहोर के कार्यपालन यंत्री (ईई) एके पंथी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि काम में गुणवत्ता खराब पाई गई तो उसे उखड़वा दिया जाएगा।

# गेहूं का 2700 रुपए क्विंटल भाव नहीं मिला तो 27 को किसान संघ करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय किसान संघ ने गेहूं के लिए 2700 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की है। इस मांग को लेकर संघ 27 फरवरी को हरदा जिला मुख्यालय पर आंदोलन करेगा। संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित वर्तमान समर्थन मूल्य किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने राजस्थान सरकार का उदाहरण दिया, जहां किसानों से गेहूं 2735 प्रति क्विंटल पर खरीदा जा रहा है। गौर ने कहा कि अन्य वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिससे खेती घाटे का सौदा बन गई है। उन्होंने मक्का का उदाहरण देते हुए बताया कि इसका समर्थन मूल्य 2400 निर्धारित है, लेकिन मंडियों में यह 1200 से 1300 प्रति क्विंटल बिक रहा है। इस वर्ष मध्य प्रदेश सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 और उस पर 15 बोनस देने की घोषणा की है, जिससे कुल मूल्य 2600 प्रति क्विंटल होता है। भारतीय किसान संघ इस मूल्य को कम मानते हुए जिले की सभी इकाइयों से जुड़े किसानों के साथ कृषि उपज मंडी में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगा।

### *भारतीय किसान संघ की मांगें*

*संघ ने अन्य मांगों में खरीफ 2025 की बीमा राशि सभी किसानों को शीघ्र दिलाना, किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराना और ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए जिले की सभी नहरों में पर्याप्त पानी देना शामिल है। गंजाल मोरण्ड सिंचाई परियोजना का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, ई-टोकन द्वारा खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए कृषि विभाग द्वारा उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने और जिले में किसानों के खेतों तक जाने वाले रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर ग्रेवल मार्ग बनाने की भी मांग की गई है। बैठक में जिला सदस्य विनय पटेल, जिला युवा वाहिनी संयोजक रामकृष्ण कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष विजेश मुकाती, उपाध्यक्ष सुरेश जोशी, तहसील मंत्री जितेंद्र शर्मा, तहसील सदस्य नीरज कुशवाहा, राजकुमार बोरदे, दिनेश राजपूत, जितेंद्र राजपूत और हरिओम गौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

### बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक में मिल रहीं पिचकारियां

# होली के लिए बाजार में पिचकारियों की नई वैरायटी: त्रिशूल हथौड़ा, इलेक्ट्रॉनिक गन और नागिन की ज्यादा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


सीहोर में होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानों से सज गए हैं। ये दुकानें ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस साल होली पर बाजार में पिचकारियों की नई और आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है।

इस बार त्रिशूल, हथौड़ा, तंबोला, इलेक्ट्रॉनिक गन और टैंक वाली पिचकारियों की विशेष मांग है। बच्चों के लिए मोटू-पतलू पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

**1000 रुपए तक की पिचकारियां :** खास बात यह है कि इस साल पिचकारियों पर महंगाई का असर



नहीं पड़ा है, कीमतें पिछले साल के समान ही हैं। बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की पिचकारियां मौजूद हैं। इस बार नेताओं के चित्रों वाली पिचकारियां



गायब हैं, जबकि सुपरहिट फिल्मों के थीम पर आधारित पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं। पिचकारियों के दुकानदार मोहित अरोरा ने बताया कि 'पुष्पा' फिल्म की कुल्हाड़ी जैसी पिचकारी और 'गदर 2' का हथौड़ा लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल भी पिचकारी के रूप में काफी बिक रहा है। पहली बार बाजार में आई तंबोला पिचकारी और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी भी ग्राहकों का ध्यान खींच रही हैं। बच्चों में कार्टून नेटवर्क के मोटू-पतलू की पिचकारियां भी लोकप्रिय हैं। स्प्रे के रूप में रंग बरसाने वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में उपलब्ध कुछ नई पिचकारियां जैसे इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी 550 रुपए, नागिन 180 रुपए, कैंडी 60 रुपए, तंबोला 200 रुपए, पुष्पा फिल्म की कुल्हाड़ी 150 रुपए, गदर 2 का हथौड़ा 200 रुपए और इलेक्ट्रॉनिक गन 500 रुपए में बिक रही हैं।

# चाइल्ड हेल्पलाइन की सूचना पर रोका गया 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है और नागरिकों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शज्ञानेश खरे ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में ब्लॉक स्तरीय रोकथाम दलों का गठन किया गया है। इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और एनजीओ के संयुक्त दल द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन से मिली सूचना पर सीहोर के वार्ड क्रमांक 12 दुर्गा कॉलोनी में हो रहे बाल विवाह को रूकवाया गया। इस



दौरान जानकारी दी गई कि बालिका लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित है और बालिका की आयु 16 वर्ष है। दल द्वारा विवाह की रोकथाम के साथ ही बालिका के माता-पिता और परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, सजा और जुर्माने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समझाइश के बाद बालिका के माता-पिता और परिवार ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक बालिका का विवाह न करने पर सहमति दी और शपथ पत्र भी दिया।